
# इन्दिरा गाँधी नेशनल कॉलेज

## धनौरा–लाडवा (कुरुक्षेत्र)

## सत्र : 2022–23





# विवरणिका


A BEACON OF LIGHT FOR FUTURE GENERATIONS...
Late Sh. Om Parkash Ji Garg Ex. MLA
Founder President, Indira Gandhi National College, Ladwa

# युगद्रष्टा स्वर्गीय श्री ओमप्रकाश गर्ग जी

स्वर्गीय श्री ओमप्रकाश गर्ग जी लाडवा के ही नहीं अपितु हरियाणा के राजनीतिक क्षेत्र में अपना एक महत्त्वपूर्ण स्थान रखते थे। आर्य समाज से संस्कारित व स्वामी दयानन्द सरस्वती जी के विचारों से प्रभावित होने के कारण समाजसेवा की भावना उनके रोम–रोम में समाई हुई थी। ऐसा माना भी गया है कि ‘‘मानव जीवन उसी का सफल होता है’’ जो अपने जीवनकाल में समाज के विकास में कुछ महत्त्वपूर्ण योगदान देता है और इसी दृष्टि से कर्मयोगी श्रद्धेय गर्ग साहब जी में लोकहित की भावना कूट–कूट कर भरी हुई थी। उनमें सामाजिक बुराईयों, छुआ–छुत व ऊँच–नीच के भेदभाव से ऊपर उठ कर क्षेत्र के जनसामान्य के उत्थान के लिये कुछ करने की प्रबल इच्छा थी। आप लाडवा के ग्रामीण आँचल के लिए कुछ ऐसा कार्य करना चाहते थे जिससे आने वाली पीढ़ियाँ सहस्त्रों वर्षों तक स्वयं को उपकृत समझें। जीवन के प्रारंभिक दिनों से ही आप समाज की सेवा के प्रति निःस्वार्थ भाव से समर्पित थे। आप सन् 1966 में प्रथम बार पंजाब विधानसभा के विधायक सदस्य चुने गये। तत्पश्चात् सन् 1967, 1968 और 1972 में भी हरियाणा विधानसभा के सदस्य चुने गये। यह सब आपकी लोकप्रियता का ही परिणाम था कि श्री बंसीलाल जी ने अपने मुख्यमंत्री काल में आपको हरियाणा कृषि उद्योग के अध्यक्ष पद पर नियुक्त किया। आपने अपने इस विभाग का काम बड़ी ईमानदारी व मेहनत से करके अपनी एक अलग प्रशंसनीय तथा प्रभावशाली छाप मंत्रीमंडल पर डाली। अपने स्वभाव के अनुकूल गर्ग जी ने अपने क्षेत्र की भलाई व विकास के लिए जुझारू एवं सजग नेता के रूप में अमूल्य योगदान दिया। सन् 1974 से पूर्व लाडवा क्षेत्र करनाल जिले का पिछड़ा हुआ कस्बा था। जहाँ उच्चतर शिक्षा का पूर्णतः अभाव था, जिसके कारण यहाँ के युवाओं को यमुनानगर, कुरुक्षेत्र, करनाल, अम्बाला यहाँ तक कि पंजाब तक शिक्षा ग्रहण करने के लिए जाना पड़ता था फिर भी इस क्षेत्र का अधिकतर युवावर्ग मैट्रिक के पश्चात् उच्च शिक्षा से वंचित रह जाता था। इस प्रकार की विषम परिस्थितियों में श्री ओमप्रकाश गर्ग जी ने उच्च शिक्षा के महत्व को समझते हुए लाडवा एवं कुरुक्षेत्र के सम्मानित सम–विचारक साथियों के सहयोग से सन् 1974 में महाविद्यालय की स्थापना कर अपने सपने को साकार किया एवं क्षेत्रवासियों को एक अमूल्य निधि प्रदान की। ग्रामीण आँचल में विद्यमान इन्दिरा गाँधी नेशनल कॉलेज, लाडवा का शिलान्यास तत्कालीन मुख्यमंत्री श्री बंसीलाल जी के कर कमलों से 24 जनवरी 1974 को हुआ। इस प्रकार सम्पूर्ण नगरवासी एवं आस–पास का क्षेत्र उनके इस पावन कर्म को कोटि–कोटि नमन करता है एवं स्वयं को उपकृत समझता है। इस प्रकार के उदार, कर्मयोगी, सत्यवादी, संयमी, तपोनिष्ठ, मनस्वी एवं दिव्यात्मा महापुरूष को कोटि–कोटि नमन।


हमारे प्रेरणा स्त्रोत व मार्गदर्शक
स्व. बाबु धर्मचन्द गुप्ता
स्व. बाबु निरंजन प्रकाश
स्व॰ स॰ अजायब सिंह गिल
श्री श्री 108 स्वामी तुलसीनन्द जी सरस्वती
स्व. बाबु साधु राम गुप्ता
स्व. बाबु पुरषोत्तम दास गर्ग
स्व॰ मेजर एच.एस. गोयल

# महाविद्यालय : एक परिचय

## इन्दिरा गाँधी नेशनल कॉलेज, धनौरा–लाडवा (कुरुक्षेत्र)

यह कॉलेज लाडवा–मुस्तफाबाद मार्ग पर स्थित धनौरा गाँव की पावन भूमि पर स्थित है। ग्राम पंचायत धनौरा द्वारा शिक्षा प्रसार हेतु जो भूमि दान स्वरूप दी गई, उस पर इन्दिरा गाँधी नेशनल कॉलेज और संजय गाँधी मेमोरियल पब्लिक स्कूल का निर्माण करवाया गया। महाविद्यालय की आधारशिला हरियाणा प्रदेश के तत्कालीन माननीय मुख्यमंत्री चौ. बंसीलाल जी के कर–कमलों द्वारा 24 जनवरी 1974 को रखी गई थी। तदोपरांत हरियाणा प्रदेश के तत्कालीन महामहिम राज्यपाल श्री बीरेन्द्र नारायण चक्रवर्ती द्वारा कॉलेज के नूतन भवन का उद्घाटन 30 नवम्बर 1975 को किया गया। सुरम्य प्रकृति की गोद में स्थित यह सरस्वती का पावन मन्दिर स्व. श्री ओम प्रकाश गर्ग एवं उनके शिक्षा प्रेमी साथियों के सतत प्रयासों से आरम्भ हुआ और आज अपने गौरवमयी प्रगति पथ पर निरंतर अग्रसर है। इस कॉलेज की स्थापना के परिणामस्वरूप यहाँ के ग्रामीण क्षेत्र में कॉलेज जैसे उच्चतर शिक्षा संस्थान की आवश्यकता की पूर्ति हो पाई है। लाडवा तथा आसपास के क्षेत्र की ग्रामीण छात्राओं को भी उच्च शिक्षा ग्रहण करने का सुअवसर प्राप्त हुआ है।

यह कॉलेज राष्ट्रीय प्रवृत्तियों का पोषक है। यहाँ समाज के सभी वर्गों के विद्यार्थी बिना किसी भेदभाव के प्रवेश पाते हैं। कॉलेज का उद्देश्य सामान्य विद्यार्थी के चरित्र का विकास करना तथा उसे देश और समाज के प्रति उत्तरदायित्व का बोध करवाना है। हमारे महाविद्यालय के विद्यार्थी अपने गुरूजनों के सान्निध्य में शिक्षा के प्रत्येक क्षेत्र–पाठ्य एवं पाठ्येतर में निरंतर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते आ रहे है। यहाँ कला, वाणिज्य तथा विज्ञान संकाय की ज्ञानत्रिवेणी है। कला और विज्ञान संकाय में कम्प्यूटर विज्ञान विषय की भी शिक्षा दी जाती है। विद्यार्थियों के सम्पूर्ण व्यक्तित्व विकास के लिए कॉलेज में आधुनिक सुविधाओं से

सुसज्जित पुस्तकालय, प्रयोगशालाएं एवं विशाल क्रीडा–क्षेत्र उपलब्ध है। विद्यार्थियों को प्रेरित करने के लिए कॉलेज प्रशासन समय–समय पर महान् विभूतियों को आमंत्रित करता रहता है।

यह अति हर्ष एवं गौरव का विषय है कि हमारे कॉलेज के अनेक विद्यार्थियों को विभिन्न स्नातकोत्तर संस्थानों में प्रवेश मिला है। विद्यार्थी विभिन्न संकायों में स्नातक की उपाधि प्राप्त कर विभिन्न शैक्षणिक, संवैधानिक व प्रशासनिक पदों पर कार्यरत हैं।

कॉलेज प्रधान श्री पवन गर्ग तथा कर्मठ प्रबंधकीय समिति के सदस्यों के सहयोग से कॉलेज निरंतर विकास पथ पर अग्रसर है और हरियाणा राज्य में शिक्षा के क्षेत्र में अपनी विशिष्ट पहचान बनाए हुए है।

इन्दिरा गाँधी नेशनल कॉलेज

## कॉलेज-स्टाफ

**कार्यवाहक प्राचार्य**

| | |
|---|---|
| डॉ. रवीश कुमार चौहान | एम.एस.सी.,पीएच.डी. |

**अंग्रेजी विभाग**

| | |
|---|---|
| 1. डॉ. राजेश कुमार | एम.ए.,एम.फिल,पीएच.डी.,नेट |
| 2. श्रीमती हरनीत कौर | एम.ए.,एम.फिल,बी.एड |
| 3. डॉ. अमित वर्मा | एम.ए.,पीएच.डी. |
| 4. रिक्त | |
| 5. रिक्त | |

**हिन्दी विभाग**

| | |
|---|---|
| 1. डॉ. नीरू बाला | एम.ए.,पीएच.डी.,नेट, |
| 2. डॉ. सुरेन्द्र शर्मा | एम.ए.,पीएच.डी |

**संस्कृत विभाग**

| | |
|---|---|
| 1. डॉ. नवीन कुमारी | एम.ए.,बी.एड,एम.फिल,पीएच.डी,नेट |

**अर्थशास्त्र विभाग**

| | |
|---|---|
| 1. डॉ. यशपाल सिंह | एम.ए.,एम.फिल.,पीएच.डी. |
| 2. रिक्त | |

**इतिहास विभाग**

| | |
|---|---|
| 1. डॉ. मोहनलाल | एम.ए.,एम.फिल,पीएच.डी.,<br>पी.जी.डी.सी.ए.,नेट |
| 2. डॉ. सुमन सिवाच | एम.ए.,पी.एच.डी.,नेट |

**राजनीतिक शास्त्र विभाग**

| | |
|---|---|
| 1. डॉ. सुदेश कुमार | एम.ए.,एम.फिल, पीएच.डी |

**गणित विभाग**

| | |
|---|---|
| 1. डॉ. वन्दना गुप्ता | एम.एस.सी.,एम.फिल.,पीएच.डी.,नेट |
| 2. श्रीमती प्रिंयका | एम.एस.सी., नेट |

**गृहविज्ञान विभाग**

| | |
|---|---|
| 1. रिक्त | |

**वाणिज्य विभाग**

| | |
|---|---|
| 1. डॉ. अशोक वर्मा | एम.कॉम.,एम.फिल.,पीएच.डी. |
| 2. डॉ. संदीप बंसल | एम.कॉम.,पीएच.डी.,एम.बी.ए. |
| 3. श्रीमती सुनीता रानी | एम.कॉम.,एम.फिल.,नेट,<br>पी.जी.डी.सी.ए |
| 4. डॉ. नीति गोयल | एम.कॉम.,एम.बी.ए.,एम.फिल.,पीएच.डी. |

**रसायनशास्त्र विभाग**

| | |
|---|---|
| 1. डॉ. रवीश कुमार | एम.एस.सी.,पीएच.डी. |
| 2. डॉ. अमित कुमार | एम.एस.सी.,पीएच.डी. |

इन्दिरा गाँधी नेशनल कॉलेज

**भौतिकीशास्त्र विभाग**

| | |
|---|---|
| 1. डॉ. अरविन्द कुमार गर्ग | एम.एस.सी.,पीएच.डी. |
| 2. डॉ. नीतू | एम.एस.सी.,पीएच.डी. |

**जीवविज्ञान विभाग**

रिक्त

**वनस्पति–विज्ञान विभाग**

| | |
|---|---|
| 1. डॉ. रोमेश सिंह भाल | एम.एससी.,एम.फिल.,पीएच.डी., बी.एड.,एम.एड.,एल.एल.बी. |

**शारीरिक शिक्षा विभाग**

| | |
|---|---|
| 1. डॉ. कुलदीप सिंह | एम.पी.एड.,पी.एच.डी.,नेट(जे.आर.एफ.) |

**पुस्तकालयाध्यक्ष**

| | |
|---|---|
| 1. डॉ. रूपेश गौड़ | एम.ए.,एम.लिब.,एम.फिल, पीएच.डी.,नेट, पी.जी.डी.सी.ए. |

**महाविद्यालय कार्यालय**

| | |
|---|---|
| उप–अधीक्षक | एम.सी.ए.,एम.एस.सी. कम्प्यूटर विज्ञान, पी.जी.डी.सी.ए. |
| श्री रवीन्द्र नाथ शर्मा (लिपिक) | एम.सी.ए.,एम.एस.सी कम्प्यूटर, पी.जी.डी.सी.ए., एम.ए. अंग्रेजी |

**प्रयोगशाला सहायक**

| | |
|---|---|
| 1.श्री मुनी लाल | प्रायोगिकी सहायक |
| 2.श्री जोगिन्द्र सिंह चौहान | प्रायोगिकी सहायक |
| 3.श्री नरेश कुमार | प्रायोगिकी सहायक |

**सहायक सेवाकर्मी**

1.श्री राकीब
2.श्री नरेश पाल
3.श्री राजकुमार
4.श्री जगदीप चहल
5.श्री राजपाल
6.रिक्त (2)

# कॉलेज गतिविधियों के संयोजक

| | | |
|---|---|---|
| 1. | **Dr. Ashok Kumar Verma** | **Online Admission** |
| 2. | **Dr. Romesh Singh Bhaal** | **Chief Mentor** |
| 3. | **Dr. Arvind Kumar Garg** | **SC/ST, Fee Concession** |
| 4. | **Dr. Sandeep Bansal** | **Grievances Redressal Cell** |
| 5. | **Dr. Sandeep Bansal** | **NAAC & IQAC** |
| 6. | **Dr. Yashpal Singh** | **Anti Ragging** |
| 7. | **Mrs. Sunita Rani** | **Legal Literacy Cell** |
| 8. | **Mrs. Harneet Kaur** | **Anti Sexual Harrasement** |
| 9. | **Dr. Vandana Gupta** | **Red Ribbon Club** |
| 10. | **Dr. Neeru Bala** | **Women Development Cell** |
| 11. | **Dr. Kuldeep Singh** | **NCC** |
| 12. | **Dr. Sudesh Kumar** | **Examination Wing** |
| 13. | **Dr. Sudesh Kumar** | **Youth & Cultural Affairs** |
| 14. | **Dr. Amit Verma** | **Youth Red Cross** |
| 15. | **Dr. Amit Kumar** | **Career Guidance Cell** |
| 16. | **Dr. Neetu** | **Road Safety Club** |
| 17. | **Dr. Surinder Kumar** | **NSS** |
| 18. | **Dr. Suman Siwach** | **Reseach & Development Cell** |

इन्दिरा गाँधी नेशनल कॉलेज

# (अ) प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों के लिए आवश्यक दस्तावेजः

## प्रथम वर्ष के लिए

1 मैट्रिक प्रतिलिपि – 2
2 10+2 प्रतिलिपि – 3
3 जाति प्रमाण पत्र (केवल एस.सी/एस.टी व बी.सी. के लिए)
4 चरित्र प्रमाण पत्र (ऑरिजिनल)
5 आधार कार्ड प्रतिलिपि
6 वोटर कार्ड प्रतिलिपि (यदि है तो)
7 बैंक खाता कॉपी प्रतिलिपि (केवल एस.सी/एस.टी व बी.सी. के लिए)
8 पारिवारिक आय प्रमाण–पत्र (ऑरिजिनल) (केवल एस.सी/एस.टी व बी.सी. के लिए) (छह महीने से अधिक पुराना ना हो)
9 माईग्रेशन सर्टिफिकेट (ऑरिजिनल) (सी.बी.एस.ई व अन्य बोर्ड के विद्यार्थी के लिए)
10 तीन पासपोर्ट साईज फोटोग्राफ
11 अंतराल वर्ष (Gap Year) सर्टिफिकेट (यदि 10+2 2020–21 सत्र या उससे पहले पास की हो)
12 वोटर फॉर्म
13 पिता या माता की वोटर कार्ड प्रतिलिपि
14 एंटी रैगिंग शपथपत्र (from Student)
15 एंटी रैगिंग शपथपत्र (from Parents/Guardians)
16 परिवार पहचान पत्र प्रतिलिपि
17 रक्त समूह (Blood Group)
18 हरियाणा निवासी प्रमाण पत्र
19 Weightage Certificate (NCC/NSS/Sports)

## द्वितीय व तृतीय वर्ष के लिए

- ✓ रजिस्ट्रेशन कार्ड प्रतिलिपि
- ✓ पिछली कक्षा की डी.एम.सी. प्रतिलिपि
- ✓ जाति प्रमाण पत्र (केवल एस.सी/एस.टी व बी.सी. के लिए)
- ✓ आधार कार्ड प्रतिलिपि
- ✓ वोटर कार्ड प्रतिलिपि
- ✓ बैंक खाता कॉपी प्रतिलिपि (केवल एस.सी/एस.टी व बी.सी. के लिए)
- ✓ पारिवरिक आय प्रमाण–पत्र (ऑरिजिनल) (केवल एस.सी/एस.टी व बी.सी. के लिए)
- ✓ दो पासपोर्ट साईज फोटोग्राफ
- ✓ विश्वविद्यालय अनुक्रमांक प्रतिलिपि
- ✓ परिवार पहचान पत्र प्रतिलिपि

**त्रिवर्षीय पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए**

**योग्यतायें/पात्रता**

**बी. ए./बी. कॉम./बी. एस.सी. प्रथम वर्ष**

**(क) हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड से**

10+2 परीक्षा उत्तीर्ण अथवा कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय द्वारा मान्य कोई अन्य समकक्ष परीक्षा

**विशेष : उम्मीदवार को 10+2 अथवा समकक्ष परीक्षा में उत्तीर्ण विषयों में अंग्रेजी विषय होना आवश्यक है।**

**(ख)** बी. ए. प्रथम वर्ष (सामान्य) के लिए न्यूनतम प्राप्तांकों का कुल योग 33% होना चाहिए।

**(ग)** बी. कॉम. प्रथम वर्ष (सामान्य) के लिए न्यूनतम प्राप्तांकों का कुल योग 40% (वाणिज्य विषयों में) होना चाहिए।

**(घ)** बी. एस. सी. प्रथम वर्ष के लिए न्यूनतम प्राप्तांकों का कुल योग 40% (विज्ञान विषयों में) होना चाहिए।

**अन्य शर्तेः–**

1. पूरक अथवा पुनः परीक्षा की दशा में पात्रता निर्धारण के लिए उस विषय में न्यूनतम उत्तीर्ण अंकों को जोड़ा जाएगा।

2. विश्वविद्यालय नियम के अनुसार यदि किसी उम्मीदवार की अन्य बोर्ड/विश्वविद्यालय 10+2 अथवा सम परीक्षा में किसी एक विषय में री–अपीयर आती है तो उसे अन्तिम कक्षा में प्रवेश प्रोविजनल दिया जाएगा जब तक कि वह पूरक विषय की परीक्षा उत्तीर्ण नहीं कर लेता। यदि कोई उम्मीदवार अपनी उत्तीर्ण की गई पूरक विषय की परीक्षा का प्रमाण पत्र जमा नहीं कराता तो उसका प्रवेश स्वतः निरस्त हो जाएगा।

3. यदि कोई ऐसा विद्यार्थी जिसने हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की 10+2 के समकक्ष परीक्षा तो उत्तीर्ण कर ली है परन्तु अंग्रेजी की परीक्षा उत्तीर्ण नहीं की तो उसे बी. ए./बी. एससी./बी. कॉम प्रथम वर्ष में प्रोविजनल प्रवेश तो दे दिया जाएगा, परन्तु उसे वर्ष के दौरान पूरक (अंग्रेजी) विषय की परीक्षा उत्तीर्ण करनी होगी तथा उत्तीर्ण विषय का प्रमाण–पत्र जमा करावाना होगा अन्यथा उसका प्रवेश स्वतः निरस्त हो जाएगा।

4. यदि कोई विद्यार्थी जिसने वाणिज्य से भिन्न संकाय से 10+2 की परीक्षा पास की हो तथा वह आगे वाणिज्य स्नातक को चुनता है उसे +2 स्तर तक 50% अंक प्राप्त किए होने चाहिए। 50% से कम अंक भले ही 49.5%अंक हो वह इस कोर्स के लिए अयोग्य होगा।

**बी. ए./बी. कॉम./बी. एस.सी. द्वितीय वर्ष तथा तृतीय वर्ष**

1. अन्य महाविद्यालयों से प्रथम वर्ष उतीर्ण किए छात्रों को द्वितीय व तृतीय वर्ष में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र के नियमानुसार प्रवेश दिया जायेगा।
2. ऐसे विद्यार्थी जिनकी प्रथम वर्ष में री–अपीयर है उनका अन्तिम वर्ष में प्रवेश कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र और उच्चत्तर शिक्षा विभाग के नियमानुसार होगा।

**बी. ए., बी. कॉम., बी. एस. सी. I/II/III कक्षाओं में पठनीय विषय**

**(अ) कला संकाय**

**बी. ए. प्रथम वर्ष**

अनिवार्य विषय : 1. अंग्रेजी 2. हिन्दी 3. कम्पयूटर शिक्षा 4. पर्यावरण अध्ययन

**List of Subject Combination: Select any one combination**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कम्पयूटर | गणित |
| 2 | कम्पयूटर | अर्थशास्त्र |
| 3 | गणित | अर्थशास्त्र |
| 4 | गणित | संस्कृत |
| 5 | अर्थशास्त्र | इतिहास |
| 6 | अर्थशास्त्र | राजनीतिक शास्त्र |
| 7 | गृह विज्ञान | पंजाबी |
| 8 | गृह विज्ञान | संस्कृत |
| 9 | गृह विज्ञान | इतिहास |
| 10 | गृह विज्ञान | राजनीतिक शास्त्र |
| 11 | पंजाबी | स्वास्थ्य एवं शारीरिक शिक्षा |
| 12 | पंजाबी | इतिहास |
| 13 | पंजाबी | राजनीतिक शास्त्र |
| 14 | संस्कृत | स्वास्थ्य एवं शारीरिक शिक्षा |
| 15 | संस्कृत | इतिहास |
| 16 | संस्कृत | राजनीतिक शास्त्र |
| 17 | स्वास्थ्य एवं शारीरिक शिक्षा | इतिहास |
| 18 | स्वास्थ्य एवं शारीरिक शिक्षा | राजनीतिक शास्त्र |
| 19 | इतिहास | राजनीतिक शास्त्र |

**विशेष : लड़के भी बी. ए. में गृहविज्ञान विषय ले सकते हैं।**

बी. ए. II तथा III

**अनिवार्य विषय 1. अंग्रेजी 2. हिन्दी**

**ऐच्छिक विषय :** प्रथम अथवा द्वितीय सत्र में भरे गए ऐच्छिक विषय समान रहेंगे।

# (ब.) वाणिज्य संकाय

| B.Com I | B.Com I |
|---|---|
| Semester I | Semester II |
| BC-101 : Financial Accounting | BC-201 : Financial Accounting II |
| BC-102 : Micro Economics | BC-202 : Micro Economics |
| BC-103 : Principles of Management | BC-203 : Fundamental of Marketing |
| BC-104 : Computer Application in Business | BC-204 : E-Commerce |
| | BC-205 : Business Mathematics II |
| BC-105 : Business Mathematics I | BC-206 : Business Enviroment of Haryana |
| BC-106 : Business Communication | BC-207 : Environmental Studies (Qualifying Paper) |
| **B.Com II** | **B.Com II** |
| Semester III | Semester IV |
| BC-301 : Corporate Accounting I | BC-401 : Corporate Accounting II |
| BC-302 : Business Statistics I | BC-402 : Business Statistics II |
| BC-303 : Business Law I | BC-403 : Business Law II |
| Optional Group (Marketing) (any one) | BC-404 : Company Law II |
| BC-304 : Company Law I | BC-405 : Computerised Accounting System |
| BC-305 : Indian Financial System | BC-406 : i) Advertising |
| BC-306 : i) Rural Marketing | ii) Enterpreneurship Development |
| ii) Foreign Trade of India | iii) Accounting & Reporting Standard |
| iii) Net Working & Web Designing | |
| **B.Com III** | **B.Com III** |
| Semester V | Semester VI |
| BC-501 : Cost Accounting | BC-601 : Management Accounting |
| BC-502 : Financial Management | BC-602 : Fundamentals of Insurance |
| BC-503 : GST | BC-603 : Human Resource Management |
| BC-504 : Income Tax | BC-604 : Income Tax-II |
| BC-505 : Auditing | BC-605 : Business Environment |
| Optional Group II | Optional Group II (Marketing) |
| BC-506 (i) : Supply Chain Maganagement | BC-606 (i) : Retail Management |
| BC-506 (ii) : Indian Economy | BC-606 (ii) : Corporate Governance |
| BC-506 (iii): Fundamentals of Stock Market | BC-606 (iii) : Industrial Law |

## (स.) विज्ञान संकाय

| **Non-Medical** | **Medical** |
|---|---|
| **B.Sc. I** | |
| 1. English | 1. English |
| 2. Physics | 2. Botany |
| 3. Chemistry/Computer Science | 3. Chemistry |
| 4. Mathematics | 4. Zoology |
| **B.Sc. II** | |
| 1. Hindi/Sanskrit (Compulsory) | 1. Hindi/Sanskrit (Compulsory) |
| 2. Physics | 2. Botany |
| 3. Chemistry/Computer Science | 3. Chemistry |
| 4. Mathematics | 4. Zoology |
| **B.Sc. III** | |
| 1. Physics | 1. Botany |
| 2. Chemistry/Computer Science | 2. Chemistry |
| 3. Mathematics | 3. Zoology |

**विशेष ध्यातव्य :**

1. बी.ए./बी.कॉम./बी.एस.सी. प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए पर्यावरण अध्ययन अनिवार्य विषय है।
2. बी.ए./बी.कॉम./बी.एस.सी.–I पास करने के बाद विषय/संकाय परिवर्तन नहीं किया जा सकेगा।
3. बी.ए./बी.एस.सी. के विद्यार्थियों के लिए कम्प्यूटर शिक्षा पास करना अनिवार्य है। यह ऐच्छिक विषय के रूप में नहीं है।

## द. स्ववित्त पोषक स्कीम के अधीन पाठ्यक्रम

**विशेष :** स्ववित्त पोषक स्कीम के अधीन निम्नलिखित पाठ्यक्रम चलाये जा रहे हैं। इन कक्षाओं में प्रवेशार्थियों से अतिरिक्त निर्धारित फीस ली जाएगी :–

1. बी. ए. तथा बी. एस.सी. में कम्प्यूटर विज्ञान (ऐच्छिक विषय)
2. स्वास्थ्य एवं शारीरिक शिक्षा
3. पंजाबी

### विषय/ संकाय परिवर्तन

यदि कोई विद्यार्थी त्रिवर्षीय पाठ्यक्रम के प्रथम वर्ष में अपना संकाय अथवा विषय बदलना चाहता है तो सम्बन्धित विषयों के अध्यापकों की स्वीकृति तथा प्राचार्य की अनुमति से 15 दिन की अवधि में अपना विषय परिवर्तन करवा सकता है।

### उपस्थिति

1. प्रत्येक विद्यार्थी के लिए प्रत्येक विषय में 75% उपस्थिति अनिवार्य है। अपेक्षित उपस्थिति के अभाव में विद्यार्थी परीक्षा में बैठने का अधिकारी नहीं होगा।

## आन्तरिक मूल्यांकन

विद्यार्थियों को एक मासिक टैस्ट देना होगा तथा दो प्रयोजना (Assignments) जमा करानी होंगी। प्रत्येक विषय में दो Assignments एक मासिक टैस्ट तथा उपस्थिति के आधार पर 20 अंक का आन्तरिक मूल्यांकन होगा जिसका विवरण नीचे दिया गया है:–

There shall be 20% marks earmarked for Internal Assessment in each theory paper of all Semesters to be awarded by the class teachers calculated/based upon the student's performance in college tests/ assignments and attendance in each subject according to the following criteria :

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | Two Handwritten Assignments | : | 10% |
| 2. | One Class Test | : | 5% |
| 3 | Attendance | : | 5% |

Marks for Attendance will be given as under :

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1) | 91% onwards | : | 5 marks |
| 2) | 81% to 90% | : | 4 marks |
| 3) | 75% to 80% | : | 3 marks |
| 4) | 70% to 74% | : | 2 marks* |
| 5) | 65% to 69% | : | 1 mark* |

*For students engaged in co-curricular for the college only/authenticated medical grounds duly approved by the concerned Principal.

## अवकाश से सम्बन्धित नियम

कार्यालय से निर्धारित प्रपत्र भरकर अवकाश के लिए जमा कराया जाता है। प्रपत्र पर संरक्षक के हस्ताक्षर व पूर्व अनुमति अनिवार्य है। तीन दिन का अवकाश शिक्षक तथा प्राचार्य के द्वारा दिया जाता है। दीर्घकालीन अवकाश प्राचार्य द्वारा सम्भव है।

## पहचान पत्र

पहचान पत्र एक महत्वपूर्ण दस्तावेज़ है जो महाविद्यालय के विद्यार्थी होने की पुष्टि करता है। पहचान पत्र को महाविद्यालय में हर समय अपने साथ रखना अनिवार्य है। स्टाफ द्वारा कभी भी पहचान पत्र चैक किया जा सकता है। पहचान पत्र खोने की दशा में तुरन्त महाविद्यालय कार्यालय को सूचित करें तथा पुनः पहचान पत्र बनवाने के लिए प्राचार्य की अनुमति लेना आवश्यक है। दोबारा पहचान पत्र बनवाने के लिए 200/– रूपये शुल्क देना होगा।

## जुर्माना

1. यदि कोई विद्यार्थी कॉलेज से अनुपस्थित रहता है तो उससे प्रति पीरियड 5/– रूपये जुर्माना लिया जायेगा।
2. यदि मासिक परीक्षा में अनुपस्थित रहता है तो प्रति विषय 20 रू. जुर्माना लिया जायेगा।
3. प्राचार्य द्वारा घोषित तिथियों पर यदि फीस जमा नहीं कराई जाती तो मास के अंत में उसका नाम काट दिया जाएगा। अनुपस्थित दशा में

निर्धारित देय तिथियों पर फीस न भरना कोई तर्क–वितर्क मान्य नहीं होगा।

4. जो विद्यार्थी मास में 14 दिन तक अथवा लगातार 7 दिन अनुपस्थित रहता है तो उसका नाम महाविद्यालय से काट दिया जाएगा। प्राचार्य की स्वीकृति से पुनः नाम जोड़ा जा सकता है। विद्यार्थी को पुनः प्रवेश फीस 500रू. जमा करवानी होगी। एक सत्र में दो बार से ज्यादा पुनः प्रवेश नहीं हो सकता।

## पुस्तकालय के नियम

1. कॉलेज पुस्तकालय सभी कार्यदिवसों में खुला रहता है।

क) विद्यार्थी पुस्तकालय से प्रातः 9.00 बजे से दोपहर 2.00 बजे तक पुस्तकें प्राप्त कर सकता है।

ख) विद्यार्थी पुस्तक कोष (Book Bank) से दोपहर 1.30 से सांय 3.00 बजे तक पुस्तकें प्राप्त कर सकता है।

2. पुस्तकालय से बी.ए./बी.कॉम. के विद्यार्थी को 2 पुस्तकें तथा बी. एस.सी. के विद्यार्थी को 4 पुस्तकें issue की जायेंगी।
3. पुस्तक प्रायः 14 दिनों के लिए जारी की जाती है।
4. पुस्तक कभी भी वापिस मंगवाई जा सकती है।
5. पुस्तक लेने के लिए विद्यार्थी को स्वयं उपस्थित होना होगा।
6. देय दिवस के पश्चात् 14 दिन तक प्रतिदिन 1 रू. जुर्माना तथा तत्पश्चात् 2 रू. प्रतिदिन प्रति पुस्तक जुर्माना लिया जाएगा।
7. विद्यार्थी को पहचानपत्र के साथ ही पुस्तकालय में प्रवेश की अनुमति होगी।
8. पुस्तक के खराब हो जाने पर अथवा फाड़े जाने पर नई पुस्तक या साथ में जुर्माना भी जमा कराया जा सकता है।
9. पुस्तक के गुम हो जाने पर उसी वर्ष के प्रकाशन की नई पुस्तक जमा कराई जा सकती है।
10. पुस्तकालय में शान्ति भंग न करें।
11. मोबाइल का प्रयोग वर्जनीय एवं दण्डनीय है।
12. पुस्तकालय में प्रवेश तथा पुस्तक प्रदेय के संदर्भ में पुस्तकालयाध्यक्ष को पूर्ण अधिकार है।
13. पुस्तकालय में नियमों का सख्ती से पालन करना अनिवार्य है।
14. प्राचार्य किसी भी नियम को परिवर्तित कर सकता है।

## नैतिक शिक्षा

आज के इस भौतिकवादी युग में मानवीय मूल्यों में इतनी कमी आ गई है कि हम दिन–प्रतिदिन अपनी समृद्ध धरोहर समझी जाने वाली भारतीय संस्कृति को भूलते जा रहे हैं। चरित्र का उत्तरोत्तर पतन होता जा रहा

है। अतः इस पनपते हुए असाध्य रोग ने हमारी समृद्ध विचारधारा, चिन्तन, मनन शक्ति इत्यादि जीवन के प्रत्येक सबल पक्ष को दुष्प्रभावित किया है। इस समस्या के समाधान हेतु हरियाणा सरकार ने कुछ महत्वपूर्ण कदम उठाये हैं, जिनमें महाविद्यालय स्तर पर विद्यार्थियों में नैतिक शिक्षा के प्रति जागृति उत्पन्न कर उन्हें राष्ट्र के आदर्श एवं सभ्य नागरिक बनने का सुअवसर दिलाना शामिल है। इस दिशा में महाविद्यालय में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का यथावसर आयोजन किया जाता है।

## ट्यूटोरियल ग्रुप

गुरु–शिष्य के सम्बन्धों में उदारता लाने के लिए कॉलेज में ट्यूटोरियल समूहों का विशेष ढ़ंग से प्रबन्ध किया जाता है। इसमें छात्रों के छोटे–छोटे समूहों को प्राध्यापक विशेष के साथ सम्बद्ध कर उन्हें दिशा–निर्देश दिये जाते है।

## कॉलेज पत्रिका

**''हरियाणा रश्मि''** नाम से कॉलेज के विद्यार्थियों की एक वार्षिक पत्रिका प्रकाशित होती है। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों की लेखन कला तथा विचारों की स्वतन्त्र अभिव्यक्ति का विकास करना है।

## युवा सांस्कृतिक समिति

महाविद्यालय की सांस्कृतिक समिति छात्रों के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध है। जहाँ हर वर्ष छात्रों की छिपी हुई प्रतिभाओं की खोज को उजागर कर उन प्रतिभाओं का पोषण किया जाता है। समिति के द्वारा हर वर्ष प्रतिभाखोज प्रतियोगिता का आयोजन करवाया जाता है। ये प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों की प्रतिभा को निखारने का कार्य करती है। प्रतियोगिताओं के विजेता प्रतिभागियों को अंतरमहाविद्यालय और अंतरविश्वविद्यालय में भागीदारी का सुअवसर प्राप्त होता है।

## राष्ट्रीय कैडेट कोर

भारत में नेशनल केडर कोर एक स्वैच्छिक संस्था है। जिसमें उच्च विद्यालय, महाविद्यालय तथा विश्वविद्यालय स्तर पर इच्छुक विद्यार्थियों को प्रशिक्षित करने के लिए प्रवेश दिया जाता है। कैडिट को मिलट्री का मूलभूत प्रशिक्षण दिया जाता है। कोर्स पूरा होने पर कैडिट तथा अधिकारी को सीधे मिलिटरी नौकरी सेवा में लिया जाता है। केवल उन्हें उनकी दक्षता के आधार पर प्राथमिकता दी जाती है। इस प्रकार कॉलेज में एन. सी.सी. प्रशिक्षण देकर उनकी युवा शक्ति को सकारात्मक रचनात्मक दिशा में व्यस्त कर आदर्श राष्ट्रवादी नागरिक बनाने के लिए **'बी'** तथा **'सी'** प्रमाण पत्र के लिए तैयार किया जाता है। इस समय महाविद्यालय में विद्यार्थी एन.सी.सी. का प्रशिक्षण ले रहे हैं।

## शारीरिक एवं स्वास्थ्य शिक्षा

कॉलेज में छात्र/छात्राओं के विकास पर विशेष ध्यान दिया जाता है। कॉलेज में हॉकी, फुटबाल, टेबल–टेनिस, वालीबाल, बास्केटबाल, क्रिकेट, एथलैटिक्स, भारोत्तोलन, कुश्ती तथा कबड्डी के खेलों की पूर्ण सुविधायें उपलब्ध हैं। कॉलेज के पास सभी सुविधाओं से सम्पन्न विशाल 'भीम स्टेडियम' है, जहां खेलकूद के कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं।

## राष्ट्रीय सेवा योजना

राष्ट्रीय सेवा योजना सामाजिक एवं सामुदायिक सेवा के माध्यम से व्यक्तित्व का विकास करता है। यह कार्यक्रम विद्यार्थियों में सामाजिक कल्याण की भावना को जागृत करता है। इसका उद्देश्य बिना किसी भेदभाव के समाज को सेवा प्रदान करना है। इस योजना में अनुक्रमित विद्यार्थी विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से समाज को सेवायें प्रदान करने के साथ –साथ स्वयं भी बहुत कुछ औपचारिक एवं अनौपचारिक रूप से सीखता है।उसमें आपस में भाईचारे की भावना जागृत होती है। 'नशा एक बुराई है इससे दूर रहो', 'साक्षरता के माध्यम से ज्ञान का प्रकाश फैलायें' इत्यादि विषयों को विद्यार्थियों में आत्मसात कराया जाता है। इस प्रकार एक दिवसीय तथा साप्ताहिक/पाक्षिक शिविरों के माध्यम से उनके लिए एक राष्ट्र का आदर्श नागरिक बनने का मार्ग प्रशस्त किया जाता है। विकट परिस्थितियों का सामना करते हुए संकट के समय को कैसे दूर करना है इत्यादि बातों का उन्हें बोध कराया जाता है।

## यूथ रैड क्रॉस

यूथ रैड क्रॉस अपने मातृ संगठन भारतीय रैड क्रॉस का सबसे महत्त्वपूर्ण अंग है। देश के युवाओं को राष्ट्रीय एकता, अखण्डता, मानवता, स्वास्थ्य व नागरिक जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक करना इस संगठन का मुख्य उद्देश्य है। यूथ रैड क्रॉस की गतिविधियों से युवाओं के मन में सेवा व कर्त्तव्य परायणता की भावनाओं का संचार किया जाता है। जिससे वे बिना किसी भेदभाव के सभी के साथ सौहार्दपूर्ण संबंध स्थापित कर सके।महाविद्यालय के स्थापना दिवस पर युथ रैड क्रॉस रक्तदान शिविर का आयोजन करता है जिसमें विद्यार्थियों के साथ ग्रामीण आंचल के युवा भी रक्तदान करते है।

## महिला सशक्तिकरण एवं कानूनी साक्षरता प्रकोष्ठ

छात्राओं के सम्पूर्ण व्यक्तित्व विकास के लिए महाविद्यालय में महिला सशक्तिकरण एवं कानूनी साक्षरता प्रकोष्ठ की स्थापना की गई है। इस प्रकोष्ठ का मुख्य उद्देश्य छात्राओं में सामाजिक समानता की भावना को जागृत करना है। समाज में स्त्री व पुरुष दोनों का ही समान अस्तित्व है। किसी एक के अभाव में समाज की कल्पना भी नहीं की जा सकती। फिर भी समाज में कहीं न कही स्त्रियों को उनके अधिकारों से वंचित रखा गया है, इसलिए छात्राओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक करने के लिए महाविद्यालय में समय–समय पर विभिन्न विद्वानों के भाषणों का आयोजन किया जाता है।

## आंतरिक शिकायत समिति (आई.सी.सी.)

महाविद्यालय छात्र एवं छात्राओं को एक स्वच्छ एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण प्रदान करने के लिए निरंतर प्रयासरत रहता है। विद्यार्थी उन्मुक्त वातावरण में रहकर अच्छी शिक्षा, ज्ञान व संस्कार अर्जित करें; इसलिए यौन उत्पीड़न से सम्बन्धित किसी भी प्रकार की समस्या के निवारण के लिए महाविद्यालय में वरिष्ठ प्राध्यापकों की यौन उत्पीड़न विरोधी समिति का गठन किया गया है। इस समिति के समक्ष विद्यार्थी अपनी शिकायत महाविद्यालय में लगी शिकायत पेटी में लिखित रूप से, व्यक्तिगत या antisexualcellign@gmail.com पर ईमेल के माध्यम से कर सकते है।

## रैड रिबन क्लब

रैड रिबन क्लब के माध्यम से छात्र–छात्राओं को एच.आई.वी./एड्स, रक्तदान के प्रति जागरूकता व नशे की आदत जैसी बीमारी से बचने के लिए प्रेरित किया जाता है। आज का युवावर्ग जहाँ एक ओर शिक्षित हो रहा है वहीं दूसरी ओर शराब, चरस व बहुत सी खतरनाक नशीली दवाओं के चंगुल में फसता जा रहा है। इन सब घटनाओं को देखते हुए स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार ने युवाओं को एच. आई.वी./एड्स और नशीली दवाओं के चंगुल से बचाने के लिए महाविद्यालय, विश्वविद्यालय व अन्य सभी शिक्षण संस्थानों के साथ रैड रिबन क्लब का नेटवर्क स्थापित किया है। इस क्लब का मुख्य उद्देश्य युवाओं को यौन रोग, स्वास्थ्य और एच.आई.वी./एड्स के प्रति जागरूक करना है। महाविद्यालय परिसर में समय–समय पर युवाओं के लिए एच. आई.वी./एड्स, रक्तदान आदि विषयों पर विशेषज्ञों से व्याख्यान करवाए जाते है।

## पूर्व छात्र संघ

महाविद्यालय के विजन और मिशन के उद्देश्यों को आगे बढ़ाने में मदद करने के लिए और पूर्व छात्रों के साथ सहज एकीकरण को सक्षम करने के लिए पूर्व छात्र संघ का गठन किया गया। संघ का उद्देश्य महाविद्यालय के विकास में पूर्व छात्रों की अधिकतम भागीदारी को सुनिश्चित करना और वर्तमान छात्रों के लिए रोजगार सुनिश्चित करने में महाविद्यालय के प्लेसमैंट यूनिट की मदद करना है। यह संघ महाविद्यालय के पूर्व छात्रों की रचनात्मक भागीदारी के लिए आवश्यक कार्यक्रमों/गतिविधियों का संचालन करता है।

## कैरियर मार्गदर्शन और प्लेसमैंट सैल

महाविद्यालय की कैरियर मार्गदर्शन और प्लेसमैंट सैल सभी संकाय के छात्रों को उनकी योग्यता एवं रूचियों के आधार पर कैरियर क्षेत्र का चुनाव करने में मदद करता है। छात्रों की प्रतिभा को निखारने के लिए

प्रकोष्ठ के द्वारा mock interview, aptitude tests, workshops, training sessions इत्यादि का प्रबंध भी किया जाता है।

कैरियर और रोजगार की जानकारी छात्र समुदाय के लिए बहुत महत्त्वपूर्ण है क्योंकि यह उन्हें कैरियर जागरूकता के लिए मार्गदर्शन करता है। आजकल हर छात्र अपने महाविद्यालय के दिनों में ही कैरियर और रोजगार के अवसरों के विषय में बात करता है। महाविद्यालय में कैरियर काऊंसलिंग ग्रामीण छात्रों के लिए महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

## एंटी–रैगिंग

रैगिंग एक सामाजिक एवं शैक्षणिक बुराई है, जिसमें वरिष्ठ विद्यार्थी अपने कनिष्ठ विद्यार्थी का शारीरिक तथा मानसिक उत्पीड़न करते हैं। जिसके परिणामस्वरूप बहुधा नौजवान आत्महत्या तक कर लेते हैं। इस बुराई को दूर करने के लिए विद्यार्थी को महाविद्यालय में प्रवेश लेते समय एक घोषणा–पत्र स्वीकार करना होता है कि वह रैगिंग जैसी जानलेवा कुरीति को नही अपनाएगा। इस कुरीति के निदान के लिए महाविद्यालय में रैगिंग विरोधी सभा की स्थापना की जाती है जिसमें वरिष्ठ शिक्षक, शहर की पुलिस का एस.एच.ओ., नायब तहसीलदार,नगर की विभिन्न संस्थाओं के पदाधिकारी वरिष्ठ विद्यार्थी एवं गैरशिक्षण अधिकारी होते हैं। महाविद्यालय का प्रत्येक वर्ग सदैव तत्पर एवं सजग रहता है ताकि यह बुराई न पनप पाए। इसके साथ–साथ महाविद्यालय विद्यार्थियो्र में पारस्परिक रूप से स्वस्थ मैत्री एवं सौहार्द पूर्ण वातावरण की स्थापना में प्रयासरत रहता है ताकि कोई अप्रिय घटना घटित न हो।

## Mentoring System

महाविद्यालय ने Mentor-Mentee प्रणाली विकसित की है जिसका उद्देश्य छात्रों की विभिन्न क्षमताओं को मजबूत करना, शैक्षणिक कौशल बढ़ाना, ज्यादा पेशेवर बनाना और शिक्षकों तथा छात्रों के बीच पारस्परिक संबंध बनाने में मदद करना है। सभी मैंटर्स को लगभग 40 से 50 विद्यार्थियों को मार्गदर्शन करने की जिम्मेवारी chief mentor द्वारा सौंपी जाती है। निरंतर भागीदारी के माध्यम से Mentor कठिन दौर से गुजर रहे Mentees का मार्गदर्शन कर उन्हें नई चुनौतियों का सामना करने के लिए प्रेरित करता है।

## Infrastructure and Learning Resources

| | |
|---|---|
| ➢ Fully Vantilated Class Rooms | ➢ CCTV Cameras |
| ➢ Computer Lab. | ➢ Mini Hall |
| ➢ Chemistry Lab. | ➢ Auditorium |
| ➢ Physics Lab. | ➢ Cricket Ground |
| ➢ Zoology Lab. | ➢ Basket Ball Court |
| ➢ Botany Lab. | ➢ Volley Ball Court |
| ➢ Home Sc. Lab. | ➢ Badminton Court |
| ➢ Well enriched Library | ➢ Canteen |
| ➢ Seminar Room with projector | ➢ Track- 400 mtr. |
| ➢ Girls Common Room | ➢ Generator |
| ➢ Boys Common Room | ➢ Water Cooler with RO |
| ➢ Lawns | ➢ Tubewell |
| ➢ Centralized Wi-Fi Campus | ➢ Parking facilities Seprate for Boys and Girls |

## छात्रवृतियाँ

हरियाणा सरकार की अनेक योजनाओं के अधीन अनुसूचित जाति, जनजाति, पिछड़ी जाति व निम्न आय वर्ग इत्यादि के छात्रों के लिए कई प्रकार की छात्रवृतियाँ उपलब्ध हैं।

जो छात्र सरकारी योजनाओं के अधीन छात्रवृति के हकदार हैं उन्हें निर्धारित तिथि तक अपने आवेदन ऑनलाइन भरने के पश्चात् उसकी एक कॉपी आवश्यक प्रमाण–पत्रों सहित कॉलेज कार्यालय में जमा करवानी होती है। मुख्य योजनाओं के नाम नीचे दिए गए हैः–

1. Post Matric Scholarship Schene for Scheduled Caste/ Scheduled Tribe Students.
2. Post Matric Scholarship Scheme for Backward Class students
3. National Merit Scholarship Scheme
4. Haryana State Merit Scholarship Scheme
5. State Silver Jubliee Merit Scholarship Scheme
6. Post Matric Scholarship Scheme for Lower Income group
7. Post Matric Scholarship Scheme for the children of working school teachers.
8. Smt. Shakuntala Devi Scholarship Scheme
9. Dr. Radha Krishanan Scholarship Scheme
10. Scholarship for the children of Freedom Fighters.

**Other Scholarship (Non-Govt.)**

1. Smt. Savitri Devi Shorewala (Kaithal) Scholarship Scheme (for Girls)
2. Sita Ram Jindal Scholarship.
3. Mohinder Singh Mann Scholarship Scheme.
4. Master Bakshi Ram Garg & Smt. Sunheri Devi Fatehpur Wale Scholarship Scheme.

## पुरस्कार

**1. शैक्षणिक पुरस्कार**

यह पुरस्कार वार्षिक समारोह में उन छात्रों को प्रदान किये जाते हैं जो विश्वविद्यालय में उच्च अंक प्राप्त करते हैं।

**2. क्रीड़ा पुरस्कार**

यह पुरस्कार अन्तरमहाविद्यालय, अन्तरविश्वविद्यालय, राष्ट्रीय–अन्तरराष्ट्रीय तथा अपने महाविद्यालय की वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ियों को दिया जाता हैं।

**3. सांस्कृतिक पुरस्कार**

यह पुरस्कार सांस्कृतिक कार्यक्रमों, वाद–विवाद प्रतियोगिताओं तथा अन्य पाठ्येत्तर प्रतियोगिताओं के लिए दिया जाता हैं।

## सुरक्षा धन लौटाना

विद्यार्थी महाविद्यालय छोड़ते समय अपना शुल्क व पुस्तकें इत्यादि जमा करवाकर व No Dues देकर ही अपना सुरक्षा धन 31 मार्च से पहले वापिस ले सकता है। इस दिनांक के बाद सुरक्षा धन देय नहीं होगा।

इन्दिरा गाँधी नेशनल कॉलेज

## COLLEGE DUES

| **Payable at the time of Admission** | **Rs.** |
|---|---|
| Admission Fee | 45 |
| Identitiy Card Fee | 70 |
| College Library Security (Refundable) | 300 |
| Annual Charges | |
| **A) UNIVERSITY DUES **** | |
| University Registration & Eligibility Fee | 500 |
| (from those joiing for the First time) | |
| University Youth Welfare Fund | 100 |
| University Holiday Home | 10 |
| University Continuation fee | 200 |
| University Sports Fee | 220 |
| University Alumni Association fee | 200 |
| University Development Fee | 400 |
| Establishment Charges | 500 |
| **B) COLLEGE DUES*** | |
| 1 College Magazine Fee | 135 |
| 2 Correspondence Charges | 60 |
| 3 Medical Aid Fund | 60 |
| 4 Students Aid Fund | 40 |
| 5 House Examination Fund | 135 |
| 6 Dilapidation Fund | 110 |
| 7 NCC Fund Fee | 10 |
| 8 Building Fund | 335 |
| 9 Annual Function Fee | 30 |
| 10 Career Advising Unit Fee | 25 |
| 11 Educational Tour Fund | 60 |
| 12 Audio Visual Aid Fund | 45 |
| 13 Red Cross Fund | 100 |
| 14 Youth Red Cross Fund | 80 |
| 15 College Development Fund | 440/ 5060 |
| 16 Incidental Charges | 155 |
| 17 Dr. Radha Krishnan Foundation Fund | 70 |
| 18 NSS Fund | 20 |
| 19 Cycle/ Motor Cycle Fund | 500 |
| 20 Women Cell Fund Fee | 30 |
| 21 Library Fund | 300 |
| 22 Generator Fund | 270 |
| 23 Water and Electricity Charges | 665 |
| 24 Guidance Counselling Fee | 155 |

इन्दिरा गाँधी नेशनल कॉलेज

## C) MONTHLY CHARGES

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | Tution Fee (U.G.) | | 60 |
| 2 | Amalgamated Fund (U.G.) | | 70 |
| 3 | Compulsory Computer Education Charges | | 155 |
| 4 | **Subject Fee** | | |
| | (i) | Commerce Fund | 45 |
| | (ii) | Home Science Fund | 50 |
| | (iii) | Zoology Fund | 45 |
| | (iv) | Chemistry Fund | 50 |
| | (v) | Physics Fund | 45 |
| | (vi) | Botany Fund | 45 |
| | (vii) | Physical Education Fund | 40 |
| | (viii) | Fee for Enviornmental Studies | 40 |
| | (ix) | Computer Science Fund | 70 |

## OTHER CHARGES

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | (i) | Migration Fee from Students coming from other University/ Board | 100+120 |
| | (ii) | From Foreign University/ Board | 100 |
| 2 | Eligibility Fee (in case of foreign students) | | 500 |

## UNIVERSITY EXAM ADMISSION FEE

| | | |
|---|---|---|
| B.A. I, II, III | for both semesters | 1600 |
| B.Com. I, II, III | for both semesters | 1600 |
| B.Sc. I, II, III | for both Semesters | 1600 |

इन्दिरा गाँधी नेशनल कॉलेज

## RESERVATION OF SEATS AND GUIDELINES FOR RESERVATION

**(A) Distribution of seats**

The seats shall be distributed as under :

(1) All India Category including Haryana : 15%

(2) Bonafide Residents of Haryana : 85%*

*(**60% of the seats** earmarked for bonafide residents of Haryana will be reserved for the categories as mentioned at (B) below, as per State Govt. policy and remaining **40% seats** will be filled from among Haryana General Category)

**(B) Reservation of seats for Bonafide Residents of Haryana**

The seats shall be reserved for the categories as under :

| | | |
|---|---|---|
| (i) | Scheduled Castes | 20% |
| (ii) | Backward Classes of Haryana (except Socially Advanced Persons/Sections (Creamy Layer) | 27% (16 % for Block-A)<br>(11 % for Block-B) |
| (iii) | Economically Weaker Sections (who are not covered under the existing scheme of reservation for the Scheduled Castes, Backward Class (Block-A &B) other than category (i) & (ii) above. | 10% |
| (iv) | Differently Abled | 03% if the seats reserved for differently abled persons remain vacant due to non-availability of suitable differently abled candidates, it may be offered to Ex-servicemen and their wards (1%) and dependents of Freedom Fighters (1%). |
| (v) | Further 3% horizontal reservation is also provided to Ex-servicemen/Freedom Fighters and their dependents by providing reservation within reservation of 1% of General category, 1% out of Scheduled Castes and 1% from Backward Classes category for admissions to the various educational institutions of the Govt. and Govt. aided/ institutes located in Haryana. As far as block allocation in Block A and Block B of Backward Classes category is concerned, year wise rotational system will be adopted. For example, if Block A of Backward Classes are given seats in the Academic Year 2019, the next Block i.e. B Block of category of Backward Classes will be given seats in the next academic year i.e. 2020 and so on. The concerned Chairperson/Director of the Department/Institute shall maintain a roster register for horizontal reservation of Ex-servicemen/Freedom Fighter & their dependents and carry forward all fractions till one seat is accumulated through different fractions over the year. As and when the total comes to one, a seat will be provided to the concerned category. | |

(C) Guidelines for Reservation :

1. The Reservation of seats is as per the Reservation Policy of the Haryana Govt. and is subject to any change/amendment by the State Govt. from time to time.
2. If the reserved seat(s) of BC Block 'A' remain vacant these will be filled up from BC Block 'B' and vice versa.

# अवकाश सूची

## KURUKSHETRA UNIVERSITY KURUKSHETRA

Established by the State Legislature Act XII of 1956
('A+' Grade, NAAC Accredited)

**NOTIFICATION**

List of Public Holidays to be observed in the University Teaching Departments / Institutes / all recognized Colleges & University Offices during the Calendar year 2022 is as under:

| Sr. No. | Name of the Holidays | Date on which they fall | Day of the Week | No. of holidays |
|---|---|---|---|---|
| 1. | All Sundays | - | - | 52 |
| 2. | All Saturdays | - | - | 52 |
| 3. | Republic Day | 26th January | Wednesday | 01 |
| 4. | Guru Ravidas Jayanti | 16th February | Wednesday | 01 |
| 5. | Maha Shivratri | 1st March | Tuesday | 01 |
| 6. | Holi | 18th March | Friday | 01 |
| 7. | Shaheedi Diwas / Martyrdom Day of Bhagat Singh, Rajguru & Sukhdev | 23rd March | Wednesday | 01 |
| 8. | Dr. B.R. Ambedkar Jayanti / Mahavir Jayanti | 14th April | Thursday | 01 |
| 9. | Id-ul-Fitr / Parshuram Jayanti | 3rd May | Tuesday | 01 |
| 10. | Maharana Pratap Jayanti | 2nd June | Thursday | 01 |
| 11. | Sant Kabir Jayanti | 14th June | Tuesday | 01 |
| 12. | Raksha Bandhan | 11th August | Thursday | 01 |
| 13. | Independence Day | 15th August | Monday | 01 |
| 14. | Janamashtmi | 18th August | Thursday | 01 |
| 15. | Shaheedi Divas / Haryana War Heroes' Martyrdom Day | 23rd September | Friday | 01 |
| 16. | Maharaja Agrasen Jayanti | 26th September | Monday | 01 |
| 17. | Dussehra | 5th October | Wednesday | 01 |
| 18. | Diwali | 24th October | Monday | 01 |
| 19. | Vishvakarma Day | 25th October | Tuesday | 01 |
| 20. | Haryana Day | 1st November | Tuesday | 01 |
| 21. | Guru Nanak Dev Jayanti | 08th November | Tuesday | 01 |
| 22. | Guru Gobind Singh Jayanti | 29th December | Thursday | 01 |

**Note:** **The following festivals and occasions which fall on closed day have been excluded from the list of Public Holidays**

| Sr. No. | Name of the Holidays | Date on which they fall | Day of the Week | No. of holidays |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Guru Gobind Singh Jayanti | 9th January | Sunday | 01 |
| 2. | Basant panchami /Sir Chhotu Ram Jauyanti | 5th February | Saturday | 01 |
| 3. | Ram Navmi | 10th April | Sunday | 01 |
| 4. | Id-ul-Zuha (Bakr-Id) | 10th July | Sunday | 01 |
| 5. | Shaheed Udham Singh Martyrdom Day | 31th July | Sunday | 01 |
| 6. | Mahatma Gandhi Jayanti | 2nd October | Sunday | 01 |
| 7. | Maharishi Valmiki Jayanti | 9th October | Sunday | 01 |
| 8. | Christmas | 25th December | Sunday | 01 |

-2-

**Besides the above holidays, employees may be allowed any three holidays to be chosen out of the Restricted Holidays as mentioned below:**

| Sr. No. | Name of the Holidays | Date on which they fall | Day of the Week | No. of holidays |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Maharishi Dayanand Saraswati Jayanti (with State celebration) | 26th February | Saturday | 01 |
| 2. | Chhath Puja | 5th April | Tuesday | 01 |
| 3. | Good Friday | 15th April | Friday | 01 |
| 4. | Budh Purnima | 16th May | Monday | 01 |
| 5. | Guru Arjan Dev Shaheedi Diwas / Martyrdom Day | 3rd June | Friday | 01 |
| 6. | Haryali Teej | 31th July | Sunday | 01 |
| 7. | Muharram | 9th August | Tuesday | 01 |
| 8. | Milad-unNabi or Id-E-Milad (Birth of prophet Mohammad | 9th Ocotber | Sunday | 01 |
| 9. | Karwachauth | 13th October | Thursday | 01 |
| 10. | Goverdhan Puja | 26th October | Wednesday | 01 |
| 11. | Chhath Puja | 30th October | Sunday | 01 |
| 12. | Guru Teg Bahadhur Shaheedi Divas | 24th November | ThursdaY | 01 |
| 13. | Shaheed Udham Singh Jyanti | 26th December | Monday | 01 |

Note : (a) All Sundays will be non-working days.

(b) All Saturdays will be non-working days for non-teaching employees of the University working in various University Teaching Departments/Institutes/Offices except employees working on essential services duty as per guidelines issued vide this office notification No. G-6/94/12070-12269 dated 21.9.1994 and G-6/94/14364-14563 dated 7.11.1994.

(c) Administrative staff working in all the recognized colleges of the University will be given a compensatory off day during the month in lieu of Second Saturday.

## सामान्य नियम

- प्राचार्य की अनुमति के बिना कोई सूचना अथवा निर्देश नोटिस बोर्ड पर नहीं लगेगा।
- प्राचार्य की पूर्वानुमति के बिना किसी प्रकार की सभा, बैठक आयोजित नहीं की जा सकती।
- छात्रों को चाहिए कि यदि उनके स्थाई पते में परिवर्तन हुआ है तो उसकी सूचना तुरन्त कार्यालय को दें।
- छात्रों को यदि कोई शिकायत प्राचार्य से करनी है तो वह Chief Mentor/Mentor के माध्यम से करें।
- विद्यार्थियों से आशा की जाती है कि वे कॉलेज की किसी न किसी सभा, सोसायटी के सदस्य अवश्य बनें।
- प्रत्येक विद्यार्थी को अपना परिचय पत्र हमेशा गले मे पहनना अनिवार्य है, ऐसा न करने पर विद्यार्थी को जुर्माना देना होगा।
- विद्यार्थियों को अपना खाली समय पुस्तकालय अथवा वाचनालय में व्यतीत करना चाहिये।
- कोई आगन्तुक महाविद्यालय में प्राचार्य की अनुमति के बिना किसी विद्यार्थी से नहीं मिल सकता।
- कोई विद्यार्थी महाविद्यालय के कार्यालय से टेलिफोन नही कर सकता।
- किसी भी विद्यार्थी को टेलिफोन पर सन्देश सुनने के लिए नहीं बुलाया जाएगा।
- छात्र/ छात्राओं द्वारा लाये जाने वाले वाहन निश्चित स्थान पर खड़े करने होंगे। नियम का उल्लंघन करने वाले के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी।
- अध्ययन कक्ष में छात्राओं के लिए अगले स्थान खाली रखें। कक्षा समाप्त होने पर छात्राओं को पहले बाहर जाने दें।
- यदि कोई विद्यार्थी महाविद्यालय में तोड़-फोड़ अथवा सम्पत्ति को नष्ट करता हुआ पाया गया तो उसे दण्डित किया जाएगा।
- महाविद्यालय की दीवारों तथा श्यामपट्टों पर अनुचित शब्द न लिखें।
- यदि कोई विद्यार्थी महाविद्यालय के विषय में अपना उपयोगी सुझाव देना चाहता है तो वह उसे लिख कर सुझाव पेटी में डाल सकता है।
- अभिभावकों को चाहिये कि वे अपने बच्चों के सम्बन्ध में कार्यालय, ट्यूटर तथा प्राचार्य से अवश्य सम्पर्क करें।
- विद्यार्थी अपना online Exam फार्म भरते समय अपने विषय का कोड अध्यापकों से सुनिश्चित करके ही भरें अन्यथा बाद में विश्वविद्यालय फीस विद्यार्थी को देनी पड़ेगी।

- विद्यार्थी नियमित रूप से सूचना पट्ट पर लगी सूचनाओं को अवश्य पढ़े।
- कक्षाओं के फर्नीचर को कक्ष से बाहर ले जाना सख्त मना है।
- महाविद्यालय परिसर में किसी भी प्रकार के नशे/मादक पदार्थ का सेवन वर्जित है तथा सेवन करते पाए जाने पर महाविद्यालय से निष्कासित किया जायेगा।
- परीक्षा/ प्रवेश सम्बन्धित सभी वैधानिक झगड़ों का निपटारा कुरुक्षेत्र न्यायालय तथा कुरुक्षेत्र की सीमा में स्थित न्यायालय में होगा।
- जो नियम इस पुस्तक में आने से रह गये है, उस सम्बन्ध में प्राचार्य के नियम को ही अन्तिम नियम माना जाएगा।

इन्दिरा गाँधी नेशनल कॉलेज

# झलकियाँ


INDIRA GANDHI NATIONAL COLLEGE
TH RED CROSS






INDIRA GANDHI NATIONAL COLLEGE
May I help you
NSS Volunteers






















INDIRA GANDHI NATIONAL COLLEGE
vivo V20 SE







# प्रबन्ध कार्यकारिणी के माननीय सदस्य

| क्रमांक | नाम | पद |
|---|---|---|
| 1. | श्री पवन कुमार गर्ग | प्रधान |
| 2. | रिक्त | उप–प्रधान |
| 3. | इंजी. प्रवीण कुमार गुप्ता | महासचिव |
| 4. | स. मनदीप सिंह तूर | कोषाध्यक्ष |
| 5. | डॉ. रविश कुमार चौहान | कार्यवाहक प्राचार्य |
| 6. | स. उजागर सिंह | सदस्य |
| 7. | श्री दिनेश कुमार गोयल | सदस्य |
| 8. | श्री हरिन्द्र सिंघल | सदस्य |
| 9. | श्री सुनील गर्ग | सदस्य |
| 10. | श्री प्रमोद धवन | सदस्य |
| 11. | स. जतिन्द्र सिंह गिल | सदस्य |
| 12. | श्री राकेश मित्तल | सदस्य |
| 13. | श्री रविन्द्र बंसल | सदस्य |
| 14. | श्री मदन लाल | सदस्य |
| 15. | श्री गौरव कंसल | सदस्य |
| 16. | श्री उदय गोयल | सदस्य |
| 17. | डॉ. सुनील ढींगड़ा<br>प्रोफेसर, यंत्रीकरण विभाग<br>कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय | नामांकित |
| 18. | प्राचार्य गवर्नमेंट गर्ल्स कॉलेज पलवल | नामांकित |
| 19. | रिक्त | स्टाफ प्रतिनिधि |
| 20. | डॉ. यशपाल सिंह | स्टाफ प्रतिनिधि |
| 21. | श्री विजय बंसल | स्टाफ प्रतिनिधि |

# विवरणिका समिति

- डॉ. यशपाल सिंह — संयोजक
- डॉ. नीरू बाला — सदस्य
- डॉ. सुरेन्द्र कुमार — सदस्य

इन्दिरा गाँधी नेशनल कॉलेज